>

Title: Need to bring back ancient statue of 'Vagdevi' from Britain-laid.

श्री छतरसिंह दरबार (धार): मेरे संसदीय क्षेत्र धार जो राजा भोज की नगरी है । यहां पर आदिकाल से भोजशाला है जिसमें वाग्देवी मां सरस्वती का मंदिर है जहां पर वाग्देवी माता की प्राचीन मूर्ति स्थापित की । ब्रिटिश सरकार ने साम्प्रदायिक तनाव का बहाना बना कर भोजशाला से वाग्देवी माता की मूर्ति हटाकर उस मूर्ति को इंग्लैंड के म्यूजियम में रखा है । यह विषय बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं से जुड़ा हुआ है तथा यह मसला कई दशकों से चल रहा है और विवाद का विषय बनता जा रहा है ।

इस सम्बन्ध में सरकार विशेषकर माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं माननीय पर्यटन मंत्री महोदय से मेरा आग्रह है कि मां वाग्देवी की इस प्राचीन मूर्ति को इंग्लैण्ड से वापस लाकर पुनः भोजशाला में स्थापित कराया जाए ।